सोनिया गांधी व रविन्द्र त्यागी के जन्मदिवस पर फल बांटे

कोटा, (निसं)। कांग्रेस की लोकप्रीय नेता सोनिया गांधी व कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी के जन्मदिवस को सेवादल कोटा शहर द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया।

इस दौरान कई सेवा कार्य किए गए। सेवादल के जिलाध्यक्ष हंसराज गोस्वामी ने बताया कि इस दौरान मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में मरीजों को फलों का वितरण किया गया साथ ही उनकी कुशलक्षेम पूछी गई। मरीजों ने जो समस्याएं बताई उनका भी मौके पर ही समाधान किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने मरीजों को फलों का वितरण किया। इसके साथ ही कांग्रेस की वरिष्ठ व सर्वप्रीय नेता सोनिया गांधी के जन्मदिवस को भी मनाया गया। फल वितरण के दौरान अस्पताल अधीक्षक आरपी मीणा भी उपस्थित रहे।

इस दौरान त्यागी ने कहा कि किसी का भी जन्मदिवस हो सेवा कार्य करते रहना चाहिए। हंसराज गोस्वामी ने कहा कि रविन्द्र त्यागी व सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर भोजन वितरण, गायों को चारा और निर्धनों की सेवा की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल नईम सुल्तानी, राजकुमार गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष इरफान खान, सचिव कलीम, इरशाद, सत्यनारायण मीणा, अक्षय राज आदि उपस्थित रहे।

कोटा में सोनिया गांधी और रविंद्र त्यागी के जन्मदिवस पर समाजोपयोगी कार्य किए गए।

सार-समाचार

आटे के कट्टे वितरित किये

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन सेवा व सादगी के साथ मनाया। वरिष्ठ प्रवक्ता मोहम्मद शफीक खान ने बताया कि जगह-जगह फुटपाथ पर अपना जीवन यापन करने वाले व जरूरतमन्द लोगों को सोनिया गांधी फोटो युक्त आटे के 31 कट्टे वितरीत किये गये एवं अलग-अलग स्थानों पर गौवंशों को गुड तिल के लड्डू खिलाये गये। इस दौरान खान ने महिलाओं से कहा कि सोनिया गांधी भारत की नारियों के लिए एक आदर्श है वे चाहती है कि देश में महिलाएं हर तरह से आत्म निर्भर बने और हर क्षेत्र में तरक्की करें। इसके पश्चात् सोनिया जी के स्वस्थ और दीर्घायु की कामना भी की गई। इस दौरान कांग्रेस नेता कैलाशचन्द यादव, संजिदा बेगम, हसनराजा, सद्दाम खा, राजेन्द्र मेहरा मौजूद रहे।

रोड़वेज बस स्टैंड पर चार बैंच लगी

रामगंजमंडी (निसं)। शहर के रोडवेज बस स्टेण्ड जहां स्थित है वहीं पालिका का अग्निशमन, सफाई शाखा, सब्जी मंडी व पोस्ट ऑफिस का रास्ता भी है तथा प्राइवेट टेक्सी स्टैंड भी है। इस जगह पर प्रतिदिन हजारों लोगो का आवागमन रहता है। रोडवेज बस स्टेन्ड से कोटा,उदयपुर एवम झालावाड़ की बसें आती व जाती हैं। लेकिन यात्रियों के बैठने के लिये कोई सुविधा राजस्थान रोडवेज निगम एवं नगरपालिका के द्वारा नहीं दी हुई है। गुरुवार को इंदिरा रसोई घर में युवा दल सचिव राज कुमार पारख आये तो पार्षद जमील अंसारी सहित कई लोगों ने उन्हें दिखाया कि कैसे महिलाएं नीचे सड़क पर बैठी हुई बस का इंतजार कर रही हैं तो कई यात्री अपनी अटेची और पत्थर पर बैठे हुए हैं तो यह नजारा देख व लोगों की मांग पर सामाजिक सरोकार के इस कार्य में राजकुमार पारख ने शीघ्रता दिखाते हुए अगले ही दिन शुक्रवार को लोगों के बैठनें के लिये 4 सीमेन्ट की बेंचें लगवा दी जिसका कई लोगों ने तुरंत लाभ लिया और राहत महसूस की। राजकुमार पारख ने कहा कि यह कार्य नगरपालिका को खुद आगे आकर बहुत पहले ही करा देना चाहिये था। यह भी बताया कि बैन्च बनाने वाले से 4 बैंचों की राशि 11 हजार रुपये तय की है जो नगर पालिका दे देती है तो ठीक अन्यथा लोगों एवं विशेष कर महिलाओं और बच्चों के हित में करवाये गये इस कार्य का भुगतान युवा दल करेगा।

सुनील तेजस्वी तहसील अध्यक्ष नियुक्त

छबड़ा (निसं)। अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा के प्रदेषाध्यक्ष मदनलाल डागर की सहमति से जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद पंवार ने सर्वसम्मति से सुनील तेजस्वी को छबड़ा तहसील अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। तहसील अध्यक्ष द्वारा नवीन कार्यकारणी का विस्तार भी कर दिया हैं। नवीन जिम्मेदारी मिलने पर सुनील तेजस्वी ने कहा कि पद के सामाजिक उत्तरदायित्व को पूर्ण निष्ठा ओर कर्तव्य परायणता के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगा और संगठन के सिद्धांतों ओर संविधान के अनुरूप निरंतर समाज हित मे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भूमिका निभाने के लिए प्रयासरत रहूंगा। इस अवसर उनके द्वारा गठित की कार्यकारणी में गोविंद माचल को उपाध्यक्ष, राजेंद्र घेंघट व महावीर तेजस्वी को महासचिव, करण तेजस्वी, विषाल तेजस्वी को सचिव, अंकित नरवाल, दिव्यांषु पंवार को मीडिया प्रभारी, राहुल तेजस्वी व रोहित नरवाल को कोशाध्यक्ष, सूरज तेजस्वी, संदीप डागर को प्रवक्ता, राकेष पंवार, तेजपाल माचल को संयोजक, गौतम, चौथमल खरारा, बादल सारवान को सहसंयोजक, अविनाष विरवाल, अजय चौहान को प्रचार मंत्री के साथ-साथ सदस्य ऋतिक घेंघट, रणजीत भूमलिया, नीरज तेजस्वी, रामभजन तेजस्वी बनाए गए हैं।

मोर की सुरक्षा के लिये कार्य किया

रामगंजमंडी (निसं)। दिल में हमने ठान लिया है,जीवन का मकसद जान लिया है,मानवता को पहचान लिया है। समाज सेवा ही धर्म हमने मान लिया है, इन पंक्तियों को सार्थक करते हुए रामगंजमंडी युवा दल का हर क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के तहत सेवा कार्य जारी है।इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर की सुरक्षा में पेडों की डालियां कटवाकर अपने कार्य को अंजाम दिया और शहर के वार्ड नम्बर 10 में स्थित कृष्णा कॉलोनी के मेन गेट के अंदर पिछले काफी समय से कई राष्ट्रीय पक्षी मोर बिजली के करंट से मर चुके हैंगत 25 नवंबर को इस वार्ड के उप चुनाव के नतीजे आने के बाद कई लोगों ने युवा दल सचिव राजकुमार पारख को इस समस्या से अवगत करवाया था।जिस पर राजकुमार पारख ने बताया कि विद्युत विभाग के ऊपर पेड़ों की डालियां होने से मोर पेड पर बैठते थे और जैसे ही उनका पांव विद्युत तारों से टच होता था वो करंट लगने से मर जाते थे। राजकुमार पारख ने अपने स्तर पर लाईन पर आने वाली सभी पेडों की डालियों को कटवा दिया एवं विद्युत लाईन को क्लीयर करवा दिया। इस कार्य के हो जाने से अब राष्ट्रीय पक्षी मोर को करंट नही लगेगा और उसका जीवन भी सुरक्षित रहेगा।

सड़क हादसे में युवक की मौत

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा नगर में शुक्रवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हुआ। नगर के चेतक मार्केट में बुद्ध विहार के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रॉला करीब एक दर्जन वाहनों को कुचलते हुए पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो दर्जन से अधिक लोगो के घायल होने को सूचना मिली है। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय में इलाज जारी है। शहर के बीचो-बीच हुए इस हादसे से घटना स्थल पर भगदड मच गई। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के बुद्ध विहार के समीप घाटी से तेज गति से उतर रहा ट्रॉला अनियंत्रित होकर करीब एक दर्जन वाहनों को टक्कर मारता हुआ पलट गया। इसमें एलएनटी मशीन लोडिंग कर रखी थी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई,मृतक की पहचान चारण बस्ती निवासी भंवर चारण के रूप में हुई है। हादसे में घायल लोगो को चिकित्सालय पहुंचाया गया, जिनका ईलाज जारी है। गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार कर कोटा रैफर किया गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया जा रहा है।

कार्यों की प्रगति के लिए बैठक संपन्न

छबड़ा (निसं)। पंचायत समिति के सभागार में शुक्रवार को पंचायतीराज विभाग एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति पर ग्राम पंचायत वार संबंधित पंचायत के कार्मिक से चर्चा की गई। विकास अधिकारी रविंद्र षर्मा के अनुसार यहां पंचायतीराज के एसएफसी, टीएफसी, एमएलएड, सांसद कोष, डांग योजना, एफएफसी के पूर्ण कार्यों के कार्यपुर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर 27 दिसंबर को समायोजन कैंप में प्रस्तुत करने के साथ-साथ ग्राम विकास अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन के शत्-प्रतिशत् लक्ष्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक अभियंता भरत खंगार, सहायक विकास अधिकारी हरिबल्लभ कुमावत, अमरदीन खान, ब्लॉक समन्वयक देवकिशन गुर्जर एवं ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे।

जन आक्रोश यात्रा निकाली

रावतभाटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जन आक्रोश यात्रा का रावतभाटा नगर के उपनगरीय झालरबावडी स्थित श्री राम मंदिर के सामने भाजपा एसटी मोर्चा अध्यक्ष कमल मीणा एवं कुंडाल मंडल युवा मोर्चा मंत्री सुशील शर्मा के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट राहुल जैन, अर्जुन प्रजापत, प्रवीण लाड, मुकुंद अहीर, चेतराम सोलंकी, कमल कांत अहीर, पवन, ओमप्रकाश सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बृजमोहन मालव पटवार संघ अध्यक्ष बने

छबड़ा (निसं)। राजस्थान पटवार संघ उपशाखा छबडा की नवीन कार्यकारिणी का गठन षुक्रवार को चुनाव अधिकारी सुरेंद्र शर्मा व दीपक कुशवाह की देखरेख में सम्पन्न हुआ। नवीन कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर बृजमोहन मालव, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मीणा, मंत्री सतीश मालव, संयुक्त मंत्री बलवीर सिंह, संगठन मंत्री शिवानी भार्गव, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मालव का निर्वाचन किया गया। यहां पटवार मंडल सदस्यो ने नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

एक दिवसीय फसल बीमा पाठशाला आयोजित

कोटा, (निसं)। फसल बीमा पाठषाला का आयोजन के तहत शुक्रवार को कार्यालय परियोजना निदेशक कृषि आत्मा में लाड़पुरा तहसील के कृषकों के लिए एक दिवसीय फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें फसल बीमा के सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी गई। उप निदेशक कृषि विस्तार खेमराज शर्मा ने बताया कि जिले में संसूचित फसलें, किसानों द्वारा दी जाने वाली प्रीमियम राशि, यदि किसान योजना से पृथक, जुड़ना रहना चाहता है तो दिनांक 24 दिसम्बर तक बैंक, सहकारी संस्थान में प्रमाण पत्र देना होगा कि योजना से पृथक, जुड़ने रहना चाहता है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार किसान अपनी वास्तवित बुआई की सूचना भी वित्तीय संस्थान में 29 दिसम्बर तक देना आवष्यक है। रबी फसल के अन्तर्गत जिले में किसानों की फसलों का फसल बीमा 31 दिसम्बर तक किया जाएगा।

सिन्धु सोशल सर्किल के स्थापना दिवस से कई सामाजिक सेवा के कार्य शुरू होंगे

कोटा, (निसं)। सिन्धु सोशल सर्किल कोटा के 34वें स्थापना दिवस से सामाजिक सेवा से जुड़े कई कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू होगी। सर्किल के अध्यक्ष बंसीलाल साधवानी ने बताया कि स्थापना दिवस 10 दिसम्बर को मानवाधिकार और हमारे वरिष्ठजन विषय पर एक परिचर्चा और सवांद का कार्यक्रम शाम चार बजे श्रद्धा में (करणीनगर विकास समिति) होगा, जिसके पीडी सिन्धु राज ठाकुर हैं। यह कार्यक्रम नैनानी चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से समाजसेवी दादा निहचलदास नैनानी की स्मृति में किया जाएगा।

डॉ. हर्ष राजदीप, प्रभारी, फिजियोथेरेपी विभाग, कोटा मेडिकल कॉलेज, इसमें मुख्य वक्ता होंगे, अध्यक्षता डी एन नैनानी करेंगे। सचिव किशन रतनानी ने बताया कि 18 दिसम्बर रविवार को मदर टेरेसा होम, माला रोड़ पर सेवा कार्य होगा जिसके पीडी सिन्धु गिरीश सहजवानी और प्रायोजक नैनानी चेरिटेबल ट्रस्ट होगा।

इसमें सिन्धु महिला सर्किल सहयोग करेगा। संरक्षक पीएल चावला ने बताया कि 24 दिसम्बर, शनिवार को प्रात: दस बजे से दोपहर एक बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर, सिन्धु चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर पर होगा, जिसके पीडी सिन्धु लक्ष्मण नैनानी और प्रायोजक नैनानी चेरिटेबल ट्रस्ट होगा। इसमें सिन्धु चिकित्सालय समिति और सिन्धु महिला सर्किल सहयोग करेंगे।

इसी श्रृंखला के तहत 30 दिसम्बर, शुक्रवार, को प्रात: 11 बजे श्री कृष्ण मुरारी गौशाला में सेवा का कार्य दादा अमृतलाल करमचंदानी की पुण्यतिथि पर होगा जिसके प्रायोजक व पीडी सिन्धु संतोष करमचंदानी होंगे। आठ जनवरी 2023, को मुक्तिधाम, विज्ञान नगर में श्रमदान होगा, जिसके पीडी सिन्धु शंकर अम्बवानी होंगे।

सर्किल के पूर्व संरक्षक डी.एन. नैनानी ने बताया कि 15 जनवरी 2023, रविवार को नया नोहरा स्थित डॉ डीडी वर्मा (डी डी वर्मा नेत्र सेवा संस्थान) के द्वारा चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, कोटा व जिला अन्धता निवारण समिति, कोटा के सहयोग से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर होगा जिसके पीडी सिन्धु शंकर सुखवानी होंगे। इस शिविर की ओपीडी 15 जनवरी रविवार को कोटा में, एसी वाले गणेश जी हॉल पर होगी, इस कार्यक्रम के प्रायोजक भी नैनानी चेरिटेबल ट्रस्ट होगा जो समाजसेवी दादा निहचलदास नैनानी की स्मृति में यह आयोजन करेगा, इसमें श्रीकृष्ण मुरारी गौशाला समिति और सिन्धु महिला सर्किल सहयोग करेंगे।

रितिका की जटिल हृदय रोग की सफल सर्जरी हुई

झालावाड़ (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एम. सैय्यद ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन वर्ष की छोटी रायपुर, झालरापाटन निवासी रितिका पुत्री रंगलाल मेघवाल जन्मजात जटील हृदय रोग से ग्रसित थी। जिसकी स्क्रिनिंग ब्लॉक झालरापाटन में कार्यरत आरबीएसके टीम के सदस्य डॉ. प्रमोद रावल व डॉ. वंदना शर्मा द्वारा आंगनबाडी केन्द्र छोटी रायपुर में की गई। टीम ने पाया कि बच्चे को सांस लेने में तकलीफ आ रही थी परिजनों से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ की बच्चें को बार-बार निमोनिया की शिकायत रहती है। टीम द्वारा आरबीएसके कार्ड बनाकर जिला मुख्यालय पर भेजा।

परिजन जिला स्तर पर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कुलवीर सिंह राजावत के पास आये और रितिका की जॉच के आधार पर सर्जरी की सलाह रितिका के परिजनो को दी। किन्तु रितिका के परिजन हृदय रोग की सर्जरी जिसकी लागत 3 लाख रुपये थी करवाने में असमर्थ थे। जिस पर जिला आरसीएच अधिकारी ने एडीएनओ डॉ. रामबिलास मीणा को आरबीएसके के तहत चिरंजीवी योजनान्तर्गत रितिका की नि:शुल्क सर्जरी करवाने व फोलाअप करने हेतु निर्देशित किया।

एडीएनओ डॉ. मीणा द्वारा बच्ची को पेलनित चिकित्सालय कोटा में सर्जरी हेतु भेजा गया जहां पर तीन दिसम्बर को हृदय रोग सर्जन द्वारा रितिका की सफल सर्जरी की गई उसके बाद बच्ची को तीन दिन आईसीयू में भर्ती किया गया। उसके उपरान्त रितिका की वहॉ से सभी जॉच नॉरमल होने पर 7 दिन में छुट्टी कर दी गई। आज शुक्रवार को रितिका के परिजन स्वास्थ्य भवन चिकित्सा विभाग के अधिकारीयों का उनकी बेटी का नि:शुल्क ऑरेशन करवाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित करने आये। उन्होने बताया कि उनके जैसे गरीब परिवार को कभी उम्मीद नही थी की उनकी बेटी का इतना मंहगा ऑपरेशन सरकार की योजना से नि:शुल्क हो जावेगा। इस हेतु रितिका के परिजन राजस्थान सरकार का आमजन हेतु चलाई जा रही योजना के माध्यम से नि:शुल्क उपचार दिया जा रहा है उस हेतु वे उनके आभारी है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी डॉ. महेश गुप्ता ने बताया कि आरबीएसके की टीम द्वारा जिले की प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र पर सभी बच्चों की स्क्रीनिंग की जा रही है। इस प्रकार की स्क्रीनिंग में आशा व आंगनबाडी कार्यकर्ता के माध्यम से ओर तेजी लाई जावेगी ताकि अधिक से अधिक बच्चें जो बीमारीयों से ग्रसित है उनका नि:शुल्क उपचार करवाया जा सके।

नुक्कड़ सभाओं को विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने संबोधित किया

छबड़ा (निसं)। राज्य में कांग्रेस के जंगलराज, कुषासन व भ्रष्टाचार आदि से व्यथित जनता में आक्रोश जगाने के लिए शुक्रवार को नगर के मुख्य मार्गों से भाजपा द्वारा जन आक्रोश यात्रा निकाली गई। यात्रा में विभिन्न स्थानों पर आयोजित नुक्कड़ सभा को विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि गत चुनाव में मात्र एक लाख 60 हजार वोट भाजपा को कम मिलने के चलते राज्य में कांग्रेस का कुषासन झेलने को आमजन मजबूर हैं। कांग्रेस के चार वर्शों के षासन में आमजन बूरी तरह त्रस्त हैं। युवाओं को नौकरियां मिलने के पहले परीक्षाओ में धांधली हो जाती हैं। किसान की फसलों, लहसुन आदि के उचित दाम नही मिल रहे। बीमा क्लेम, मुआवजा आदि के साथ खाद, बिजली के लिए किसान परेषान हैं। कुर्सी की लडाई लड रहे कांग्रेसी नेताओं पर ब्यूरोक्रेसी हावी हो गई हैं। भाजपा ने आमजन को जागरूक कर आक्रोष पैदा करने के लिए यह यात्रा निकाली हैं। आने वाले चुनाव में इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फैंकना हैं।

किसान संघ के आईटी संयोजक व प्रभारी नमन कालरा ने कहा कि कांग्रेस के राजाबाबू किसानो का ऋण मुक्त नही करा सके हैं और भारत जोडो यात्रा निकालकर देश की जनता को गुमराह कर झूठी सहानूभूमि हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। परंतु जनता उनके झांसे में नही आने वाली है। कांग्रेस की रीति-नीति अब उजागर हो गई हैं।

जन आक्रोश यात्रा को चैयरमेन केसी जैन, निरंजन षर्मा, भंवरलाल वर्मा आदि ने संबोधित किया और छबडा में हुए दंगे की पीडा आमजन को याद दिलाई। यात्रा में प्रधान हरिओम नागर, यात्रा के सह प्रभारी जमनालाल यादव, पार्शद मनमोहन सेन, कपिल यादव, नवल शर्मा, जिला परिशद सदस्य फूलसिंह मीणा, एडवोकेट भगवान स्वरूप भार्गव, गौरव सेन, जितेंद्र साहू, हरिओम गौड, बनवारी शर्मा, भगवती वर्मा, फूलचंद प्रजापति, बबलू हाडा, देहात मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा, कपिल तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं सेमली मंडल की चांचौडा व बाहरी ग्राम पंचायत में भी जन आक्रोश यात्रा निकाली गई। यहां देहात अध्यक्ष अशोक गौड, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित नागर, किसान मोर्चा के मुकेश धाकड, मोहनलाल नागर, रघुनाथ मीणा, निरंजन गुर्जर, रामदयाल नागर आदि मौजूद रहे। शनिवार को भूलोन, बापचा, कडैयाहाट, फलिया, तेलनी, सेमली आदि पंचायतों में जन आक्रोश यात्रा निकाली जाएगी।

भूमिहीन महिला कृषि श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

रावतभाटा, (निसं)। राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अनुसार भूमिहीन महिला कृषि श्रमिकों के कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए बस्सी में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 30 महिला श्रमिकों को भूमि की जुताई एवं खरपतवार नियंत्रण के काम आने वाले हस्त चलित कृषि यंत्रों महिला समूह निर्माण, सिलाई, फल-सब्जी परिरक्षण एवं उत्पादन की जानकारी एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम पंचायत बस्सी के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर कृषि यंत्रों के रख-रखाव के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण का आयोजन सहायक कृषि अधिकारी रमेश चन्द्र लाखराण, कृषि पर्यवेक्षक प्रेरणा कोली, सुमन कुडी, जय सिंह चौहान, ललिता चौधरी द्वारा किया गया। बस्सी संरपच जनक सिंह राठौड़, उप निदेशक आत्मा दिनेश कुमार जागा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के निदेशक डॉ॰ रतन लाल सोलंकी, सेवानिवृत कृषि पर्यवेक्षक जब्बर सिंह, सेवानिवृत स.कृ.अ. सोहन शक्तावत एवं प्रगतिशील कृषक नन्दराम धाकड, पशुधन सहायक अर्चना धाकड, आंगनबाडी कार्यकर्ता सीमा मेवाडा उपस्थित रहे।

शिविर में महिलाओं ने फल-सब्जी प्रशिक्षण सीखा।

सार-समाचार

भाजपा ने जन आक्रोश रैली निकाली

डाबी (निसं)। बरड क्षेत्र में भाजपा के द्वारा जन आक्रोस रैली निकाली गई। जिसका भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा डाबी ने मण्डल अध्यक्ष जाकिर हुसैन और पंचायत समिति सदस्य राजू लाल भील ने बुधपुरा गुरुवार को स्वागत किया। जाकिर हुसैन ने बताया कि सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया,चुनाव के समय 10 दिन में कर्ज माफी वादा किया था परन्तु पूरा नहीं किया। राज्य सरकार की विफलताऐ गिनाई। बुधपुरा में जन आक्रोश यात्रा रथ पहुँचने पर तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया, उपाध्यक्ष राधेश्याम बैरागी, सरपंच संघ अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य देवलाल फागना और नवरत्न गुर्जर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शम्भु सिंह सोलंकी, अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी, विक्रम सिंह हाड़ा और राधेश्याम रेगर एवं अनिल मेहता, अनिल चौधरी तालेड़ा, का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालो में मण्डल महामंत्री रईस मोहम्मद, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष रईस मोहम्मद, जिला मंत्री तोसिक खान, मोहम्मद रिजवान, एससी मोर्च मण्डल उपाध्यक्ष हेमराज यादव, राजू लुहार, तुलसीराम यादव, जगन्नाथ ओढ, राजू देशवाली ,शम्भु लाल भील, वार्ड पंच हुकम चन्द भील, आकाश, समीर, अजय, मुकेश सेन, गोपाल भील आदि मौजूद रहे।

चारदीवारी निर्माण कार्य में लीपापोती

छबड़ा (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड के पीछे मछली मार्केट के पास विद्युत ग्रिड स्टेशन की चारदीवारी का घटिया सामग्री से प्लास्टर कर ठेकेदार द्वारा कार्य में लीपापोती कर सरकार को चूना लगाया जा रहा हैं। सूत्रो के अनुसार कस्बे में स्थित विद्युत सबग्रिड स्टेषन की चारदीवारी पूर्व में चिंगारी से बनी हुई हैं। इस चारदीवारी का विभाग द्वारा प्लास्टर का कार्य करने का कार्यादेष ठेकेदार को दिया हैं। परंतु ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य सरकार के निर्धारित मापदंडो को ताक में रखकर खानापूर्ति कर किया जा रहा हैं। ठेकेदार द्वारा बारीक चुर्री व मिट्टीयुक्त रेत में नाम मात्र का सीमेंट मिलाकर घटिया सामग्री का उपयोग कर प्लास्टर का कार्य करवाया जा रहा हैं। इस मामले में मौके पर मौजूद कारीगरो से बात करने पर ज्ञात हुआ कि ठेकेदार ने कारीगरो से कम मात्रा में सीमेंट डालकर प्लास्टर करने को कह रखा हैं। ठेकेदार के कहे अनुसार कार्य कर रहे हैं। इस मामलें मे विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मुकेष चौहान से जानकारी चाही गई तो उन्होने घटिया निर्माण सामग्री के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

बूंदी (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय हिंडोली उपशाखा द्वारा प्रदेश आव्हान तथा प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश शर्मा के निर्देश पर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। उपशाखा अध्यक्ष अंबालाल गुर्जर और मंत्री महेंद्र गौड ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा पुरानी पेंशन लागू की गई इसके पश्चात कर्मचारियों ने एनपीएस में जमा अपनी राशि का 25 प्रतिशत निकलवा लिया। जिसको वापस जीपीएफ मे जमा करवाया जा रहा है। इस निर्णय से शिक्षकों में भारी विरोध है सभी शिक्षक समुदाय ने इस निर्णय का विरोध प्रकट करते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में शिक्षक बाबूलाल यादव ,लक्ष्मीकांत शर्मा ,पुष्पेंद्र सिंह ,महेंद्र मान ,भगवान दाधीच, गोपाल योगी, पूरण सिंह, आशा सिंह, रामप्रसाद माली, मधु सैनी, रतन लाल, हेमराज गुर्जर, बृज किशोर सेन, अशोक सैनी, दशरथ सैनी, निजाकतअली, किशन गुर्जर, रमेश बाबाजी, जगदीप गौड, रमेश कुमावत, कमलेश चौधरी, प्रदीप यादव, शानू हाडा, जितेन्द्र शर्मा सुरेश मेघवाल, हरजी लाल गुर्जर, प्रहलाद दमामी आदि मौजूद रहे।

यादव निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

छीपाबड़ौद (निसं)। छीपाबड़ौद के ग्राम सेवा सहकारी समिति गुलखेड़ी में सम्पन्न हुए चुनाव में टांचा निवासी सुरेंद्र यादव अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर गुलखेडी निवासी गजेन्द्र सिंह बना निर्विरोध निर्वाचित हुए संचालक मंडल में लोकेश मीणा, हरिराम मेरोठा, तुलसीराम कारपेंटर, राजमल नागर, भोजराज सरबंदा, परमानन्द गुलखेडी, देवेन्द्र यादव, मिथलेश कंवर, निंदलेश कंवर , दिलराज मीणा युवा नेता भूपेंद्र यादव ने बताया की नव निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ अजनावर सहकारी समिति के अध्यक्ष मनोज जारवाल का भी सभी ग्राम वासियों ने आतिशबाजी के साथ जुलूस निकाल कर जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर सोनू सेन, चोथमल गोचर, विनोद शर्मा, निर्मल यादव, दीपक शर्मा, कुलदीप यादव आदि लोग मौजूद थे।

मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया

डाबी (निसं)। बरड क्षेत्र की ग्राम पंचायतो बुधपुरा, गोपालपुरा में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यो का जिला परिषद बून्दी अधिशासी अभियन्ता प्रियव्रत सिंह कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सैन गोपालपुरा पंचायत मे अमृत सरोवर के अन्तर्गत खुदाई कार्य गोपालपुरा और पौधारोपण कार्य चारागाह भूमि पर गोपालपुरा ग्रेवल सडक निर्माण कार्य फतेहपुरा गांव से एनएचएआई 27 की ओर गौपाल पूरा सडक विकरोड गोपालपुरा से घोरेला,बुधपुरा पंचायत में ग्रेवल सड़क निर्माण स्कूल से वह पर की और बक मिट्टी सडक निर्माण र फोरलेन से डालड 47 427011 डाबी पंचायत मे मनरेगा रिकॉर्ड का निरीक्षण किया साथ में कनिक सहायक रमेश बंजारा, पंचायत सहायक कमल किशोर मेघवाल, रोजगार सहायक विनोद धाकड, संदीप शर्मा, रमेश कुमार उपस्थित रहे।

तुलसी महाजन का इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार के लिए चयन हुआ

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा तुलसी महाजन का बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2022 विज्ञान संकाय में ओबीसी वर्ग में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्य सरकार शिक्षा विभाग द्वारा इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। यह पुरस्कार बालिका शिक्षा फाउंडेशन राजस्थान जयपुर द्वारा दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव ने बताया कि उक्त पुरस्कार में 1 लाख का चेक एवं स्कूटी दी जावेगी। विद्यालय की बालिका का इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार में चयन होने पर विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावक, अध्यापक-अध्यापिका एवं विद्यार्थियों ने छात्रा तुलसी महाजन को शुभकामनाएं देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

यज्ञ में आहूतियां दी

छीपाबड़ौद (निसं)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर केलखेडी में किया लक्ष्यभेदी यज्ञ का आयोजन प्राथमिक विभाग के परीक्षा प्रभारी पुरुषोत्तम चक्रधारी ने बताया कि यज्ञ का आयोजन पंडित अरविन्द शर्मा के सान्निध्य में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य हरि सिंह गोचर द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर फूलमाला एवं उसके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया इस यज्ञ में विद्यालय के 925 भैया-बहिनों ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देकर परीक्षा में सफलता अर्जित करते हुए अच्छे अंकों की कामना की माध्यमिक विभाग के परीक्षा प्रभारी शानू प्रकाश चक्रधारी ने अपने उद्बोधन में बताया की विद्यालय में 12 दिसंबर से भैया बहिनों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ होंगी जिसके पूर्व परीक्षा यज्ञ का आयोजन किया गया। इस प्रकार के आयोजन से बालकों का सर्वांगीण विकास के लिए अत्यावश्यक है

छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म वितरित की

छीपाबड़ौद (निसं)। छीपाबड़ौद के सारथल कस्बे में राजकीय माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान सरकार द्वारा नि:शुल्क यूनिफॉर्म योजना के अंतर्गत जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि वीरभद्र सिंह निप्पू बना ने कक्षा एक से आठवीं तक सभी छात्र छात्राओं को यूनिफॉर्म वितरण